तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 20 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 गांव में नहीं बन पाई सड़क, प्रसूता को झेलगी में लेकर दो किमी चले ...



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## महापौर मंजूषा भगत व पूर्व मंत्री भी हुए शामिल

# 11 साल का स्टे हटाने की मांग पर हजारों वार्डवासी पहुंचे कमिश्नरी



रैली के रूप में ज्ञापन सोपने जाते वार्डवसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जमीन की खरीद बिक्री पर कलेक्टर द्वारा लगाए गए स्टे को हटाने निगम क्षेत्र के तीन वार्ड के प्रभावितों का आक्रोश भड़क उठा। अपनी पीड़ा से अवगत कराने के लिए हजारों की तादाद में पीड़ित नगरवासी कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान नगरवासियों ने रैली निकाली। वार्ड वासियों की इस मांग को पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, ननि की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत का भी समर्थन मिला है। मेयर, पूर्व मंत्री, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी आम लोगों के साथ कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और हजारों की संख्या में पीड़ितों को राहत देने का आग्रह किया।

**खास बात**

- महापौर के नेतृत्व में इस मुद्दे पर आज मुख्यमंत्री से मिलेगा प्रतिनिध मण्डल

### हर परिस्थिति में वार्डवासियों के साथ खड़ी रहूंगी: मेयर

कमिश्नर से लंबी चर्चा के बाद बाहर निकलकर महापौर मंजूषा भगत एवं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने पीड़ित वार्ड वासियों को समझाया और भरोसा दिलाया कि वे हक कि इस लड़ाई में आप लोगों के साथ पूरी ताकत से खड़े है और भी जैसी जरूरत होगी साथ रहेंगे। महापौर मंजूषा भगत ने कहा यह समस्या एक बड़ी गंभीर रूप लेकर वार्डवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। विगत 11 वर्षों से क्षेत्र के लोग अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं बच्चों के शादी ब्याह हेतु लोन नहीं ले पा रहे है और न ही जमीन की खरीदी-बिक्री कर पा रहे है। बहुत से लोग तो इस समस्या से अनजान भी थे लेकिन अब लोगों में आक्रोश का रूप ले यह समस्या मुखर हो गया है। मैं वार्डवासियों के साथ उन्हे इस समस्या से निजात दिलाने हर परिस्थिति में खड़ी रहूंगी। मुझे जहां तक जाना पड़े जाऊंगी। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा गोधनपुर की यह समस्या वास्तव में लोगों को अंदर से परेशान कर देने वाली है मुझे यहां के लोगों ने सूचित कर अपनी समस्या से अवगत कराया और मदद मांगी। मैं इनके साथ हमेंशा खड़ा रहूंगा प्रयास करूंगा कि इन्हे समस्या से निजात मिल सके।

दरअसल क्षेत्र के तीन वार्डों में जमीन खरीद बिक्री को लगाए गये स्टे को हटाने की मांग को लेकर क्षेत्र वासी वर्षों से संघर्ष कर रहे है जबकि अब उन्होंने इसे लेकर आर पार लड़ाई का मूड बना लिया है। इसी कड़ी में नगर के गोधनपुर एवं फुण्डुरडिहारी वार्ड के लोग मंगलवार को हजारों की संख्या में इकट्ठे हुए और क्षेत्र में लगे स्टे को हटाने की मांग को लेकर कमिश्नर कार्यालय का रुख किया। बैठक के दौरान क्षेत्र के लोगों का कहना था कि उक्त क्षेत्र में कथित ऐसे व्यक्ति की शिकायत पर जो ना उस वार्ड में रहता है और ना ही उसे कोई जानता है की शिकायत पर तत्कालीन कलेक्टर ने गोधनपुर एवं फुण्डूरडिहारी के सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पर स्टे लगा दिया था। यह मामला वर्ष 2014 का है, तब से लेकर आज तक इन 11 वर्षों से वार्डवासी एक अनिश्चित भय के साये में जी रहे हैं। इस स्टे की वजह से लगभग 15 हजार की आबादी प्रभावित है जिनमें लगभग 7 से 8 हजार की संख्या में मतदाता है। स्टे हटाने की मांग को लेकर पूर्व में भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था उस दौरान कलेक्टर सरगुजा ने उन्हे कमिश्नर के पास जाने को कहा था। यही वजह है कि गोधनपुर एवं फुण्डुरडिहारी क्षेत्र के वार्डवासी बड़ी तादाद में गोधनपुर के श्रीआंगन में एकत्रित हुए। वार्डवासियों के इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक भी बैठक में पहुंचे और उनकी बातों को सुनने के बाद अपना व पार्टी का समर्थन दिया। इसके साथ ही रैली में पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत भी शामिल हुए और अपना समर्थन दिया जबकि ननि की महापौर श्रीमती मजुषा भगत भी रैली में शामिल होने पहुंची। रैली में हेमंत सिन्हा, सुरेश शर्मा, आनंदी तिग्गा, गुरूचरण सिंह, शिव गुप्ता, रंजन रवैर पाण्डेय, अमलेन्दु शास्त्री, एसपी उपाध्याय, अशोक सिंह, दिलीप अग्रवाल, राजमणि तिवारी, अभिषेक सिंह, अजय जायसवाल, जफर, महेश सिंह, राजेश सिंह, सुनील गुप्ता, विमल सिन्हा, राजेन्द्र बहादुर सिंह, प्रणय टोप्पो, मिथुन सिंह, राजीव सिंह, मनोज सिंह, आर.एन. पाण्डेय, गुड्डू कुशवाहा, प्रेमा बखला, नीतिन बड़ा, अविनाश कुजूर, अमित मिंज व स्टर एक्का सहित वार्डवासी शामिल थे।

### प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

कमिश्नर कार्यालय में सभी वार्डवासी अपनी बात रखने के लिए अंदर जाने की मांग करने लगे थे। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल के रूप में ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पार्षद शिवमंगल सिंह, अनिल सिंह, डॉ.लालचंद यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज तिवारी एवं रिटायर्ड अपर कलेक्टर एसपी उपाध्याय ने संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा से मुलाक़ात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कमिश्नर सरगुजा को वार्ड में लगे स्टे से हो रही समस्या एवं कारण की जानकारी दी। महापौर श्रीमती भगत एवं पूर्व मंत्री ने ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले में क्षेत्रवासियों को राहत देने का आग्रह किया। कमिश्नर सरगुजा नरेंद्र दुग्गा ने सभी बातों को ध्यान से सुना और इस मामले को विधिवत अपील के आधार पर आने को कहा।



### मुख्यमंत्री से मिलेगा डेलीगेशन

वार्ड पार्षद शिव मंगल सिंह ने बताया कि शाम की बैठक में तय किया गया है कि बुधवार को सूरजपुर आ रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस संबंध में महापौर मंजूषा भगत के नेतृत्व में पांच सदस्यीय एक डेलीगेशन मिलेगा और अपनी समस्याओं से अवगत कराएगा।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आज होगा भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस गौरवशाली अवसर पर 20 अगस्त को सूरजपुर में रजत महोत्सव का शुभारंभ एवं विकास कार्यों के लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिंतामणि महाराज सांसद सरगुजा, किरण सिंह देव विधायक जगदलपुर, श्रीमती गोमती साय विधायक पत्थलगांव, भूलन सिंह मरावी विधायक प्रेमनगर,



श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते विधायक प्रतापपुर, राम सेवक पैकरा अध्यक्ष वन विकास निगम, श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा अध्यक्ष जिप, श्रीमती स्वाति सिंह अध्यक्ष, जपं, श्रीमती विमला सिंह सरपंच तिलसिवा की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में रोजगार मेला, लोन मेला, कृषि मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा।

# एसपी ने ली बैंक प्रबंधकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बैंक प्रबंधकों की बैठक ली। इस दौरान एसएसपी श्री अग्रवाल ने बैंक प्रबंधको को साइबर ठगी एवं म्यूल एकाउंट के मामलो में पुलिस टीम द्वारा भेजे गए प्रतिवेदनो पर त्वरित कार्रवाई कर संदिग्ध बैंक खातों की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करने सहित अन्य जानकारियों को समय पर प्रदान करने, संदिग्ध ट्रांजेक्शन की सूचना पर बैंक खाते फ्रीज करने हेतु निर्देश दिए जिससे साइबर ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई कर ठगी के शिकार व्यक्तियों को तत्काल राहत प्रदान की जा सके। एसएसपी ने बैंक प्रबंधको से बैठक के दौरान आमजन को साइबर जागरूकता के सम्बन्ध में जागरूक करने हेतु आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली गई, बैंक द्वारा आम नागरिकों की साइबर जागरूकता हेतु क्या कदम उठाये जा रहे है इसके विस्तृत जानकारी ली गई, बैंक कों जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश भी दिए गए। बैंक प्रबंधको को सुरक्षा की दृष्टि से बैंकों के प्रवेश, निकासी



मार्गो, अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर साथ ही प्रत्येक बैंक एटीएम कक्ष में सीसीटीवी कैमरे आवश्यक रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बैंकों में सुरक्षा गार्ड अवश्य तैनात किया जाए और इसके साथ ही बैंकों के बाहर पार्किंग की व्यवस्था हो जिससे जाम की स्थिति निर्मित ना हो। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, सीएसपी राहुल बंसल, विभिन्न बैंको के प्रबंधक, बैंक स्टाप, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक विकास सिन्हा, आरक्षक वीरेंद्र पैकरा, अशोक यादव सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त टीम ने दवा दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** राज्य शासन एवं नियंत्रण खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंबिकापुर शहर के विभिन्न औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक अमरेश कुमार तिर्की, औषधि निरीक्षक अनिल कुमार पैकरा तथा पुलिस विभाग से सउनि राकेश मिश्रा एवं विरेन्द्र कुजूर शामिल थे। निरीक्षण के दौरान नारकोटिक औषधियों एवं गर्भपात की दवाइयों के क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेखों की जांच की गई। औषधि निरीक्षक अली ने बताया कि यदि किसी भी औषधि प्रतिष्ठान द्वारा नियम विरुद्ध नारकोटिक औषधियों अथवा गर्भपात की दवाइयों का विक्रय किया जाता है, तो उनके विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### सब्जी व्यवसायी के वाहन से रुपयों से भरा बैग हुआ गायब

**सीतापुर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान टाटा मैजिक वाहन से रुपयों से भरा थैला पार हो गया। सब्जी व्यवसायी बाजार से व्यापार कर वापस लौट रहा था इसी दौरान पुलिस ने वाहन चेकिंग के नाम पर रोकर चालक व्यवसायी को मिलने के लिए बुलाया था। फिलहाल उठाईगिरी में हुए नुकसान का आंकलन नहीं लगाया गया है लेकिन अनुमानित नुकसान 50 हजार की बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी सब्जी व्यवसायी राहुल सोनी आ. स्व. सुशील सोनी दिनभर व्यवसाय करने के बाद दुकान बंद कर अपने टाटा मैजिक वाहन से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रात 9 बजे पुलिस द्वारा थाने के सामने ही वाहन चेकिंग प्वाइंट लगाया गया था। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ने व्यवसायी सुनील सोनी के वाहन को रोका तो राहुल सोनी अपने दिनभर की बिक्री से भरा रुपयों का बैग वाहन में ही छोड़कर अधिकारी से मिलने के लिए चले गए। अधिकारी से मिलने के बाद जब वे अपने वाहन से घर पहुंचे और रुपयों से भरे बैग को खोजना शुरू किया तो बैग गायब था। काफी खोजबीन के बाद उन्होंने थाना प्रभारी को मामले की जानकारी दी। अगले दिन घटना की सूचना पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें एक व्यक्ति की धुंधली तस्वीर नजर आ रही है लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उस व्यक्ति के हाथ में बैग है या कुछ और। पुलिस द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी गौरव कुमार पांडेय ने पीड़ति पक्ष को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### आंबा भवन से टकराया बाइक सवार, उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ निवासी रोहित खाखा आ. स्व. शंकर राम (17 वर्ष) 16 अगस्त की सुबह परिजन को बिना बताए बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 1546 से अकेले घूमने निकला था। जैसे ही युवक गांव के सरगवां बस्ती पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर आंगनबाड़ी भवन से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# डबरी में गिरने से 100 वर्षीया वृद्धा की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए घर से पुराना घर जा रही वृद्धा रास्ते में फिसल कर डबरी में गिर गई जिससे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोल्डीहा निवासी बुनी कुजूर पति स्व. लोआ कुजूर (100 वर्ष) मंगलवार को अपने नए घर में आई थी। दोपहर को अकेले पैदल गांव के पुराने घर जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही वृद्धा डबरी स्थित रास्ते के समीप पहुंची तभी फिसल कर डबरी में गिर गई जिससे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी तब लगी जब डबरी के समीप निवासी रंगिया पंडो ने वृद्धा की लाश डबरी में देख घटना की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतिका की पहचान कराई तो पता चला की वह बुनी कुजूर है। मामले में पुलिस ने आज मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान गई जान

मवेशी चराकर घर लौट रहे ग्रामीण को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम सोरगा निवासी पुरषोत्तम सिंह आ.स्व. बुलचू सिंह (56 वर्ष) 17 अगस्त की सुबह मवेशियों को चराने गया था। शाम को वापस मवेशियों को लेकर आ रहा था तभी नर्सरी चौक के समीप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को घर लेकर आए और दूसरे दिन एंबुलेंस से बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

# अनिल बने जिला अधिवक्ता संघ के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को सरगुजा जिला अधिक्वता संघ का चुनाव भारी गहमा गहमी के बीच संपन्न हुआ। दिनभर चले मतदान के बाद देर शाम मतों की गणना उपरांत परिणामों की घोषणा की गई। इस चुनाव में अनिल कुमार सोनी ने भारी मतों से जीत दर्ज करते हुए अधिवक्ता संघ का चुनाव जीता है। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पद पर नितेश चन्द्र शुक्ला ने जीत दर्ज की है। परिणामों की घोषणा के बाद विजेता प्रत्याशियों को समर्थकों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया इसके साथ ही शहर में रैली भी निकाली गई।

- भारी गहमा गहमी के बीच संपन्न हुआ चुनाव, नितेश चन्द्र शुक्ला बने उपाध्यक्ष

जिला अधिक्वता संघ के चुनाव के लिए 19 अगस्त को सुबह दस बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बार चुनाव के लिए जिला अधिक्वता संघ में कुल 761 मतदाता पंजीकृत थे। शाम 4 बजे तक चले मतदान में कुल 613 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद शाम चार बजे से निर्वाचन अधिकारी संतोष सिंह की मौजूदगी में बैलेट मत पत्रों के गणना का कार्य शुरू किया गया और देर शाम तक भारी गहमा गहमी के बीच चली गिनती के बाद परिणामों की घोषणा की गई है। अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार अनिल कुमार सोनी को 260, जन्मेजय पाण्डेय को 202 और राम नारायण प्रसाद को 144 मत पड़े इस तरह अनिल कुमार सोनी ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद के लिए गिरिजा नंद सिंह को 203, नितेश चन्द्र शुक्ला को 234, संदीप कुमार तिवारी को 168 वोट मिले इस तरह नितेश चन्द्र शुक्ला ने जीत दर्ज की।

सचिव पद हेतु अलंकार शर्मा को 177, अशोक कुमार ठाकुर 69, सम्पुर्णाक गुप्ता को 197 व शिव शंकर सिंह को 165 मत मिले इस तरह सम्पुर्णाक गुप्ता ने सचिव पद पर जीत दर्ज की। सह सचिव पद पर चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव को 347 व धनंजय मिश्रा को 258 मत मिले और सह सचिव पद पर चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद हेतु आशा जायसवाल को 204, दिवाकर गुप्ता को 179 व दिलिप कुमार गुप्ता 224 मत मिले और दिलीप कुमार गुप्ता ने कोषाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। चुनाव में मिली जीत के बाद समर्थकों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी विजेता पदाधिकारियों का फूल माला और मिठाई खिलाकर स्वागत किया इसके साथ ही शहर में ढोल नगाड़े के साथ रैली भी निकाली गई। वहीं बताया



नवनिर्वाचित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी।

### ये हुए निर्विरोध निर्वाचित

जिला अधिक्वता संघ के चुनाव में महिला उपाध्यक्ष हेतु आरक्षित पद पर एक मात्र प्रत्याशी श्रीमती सरिता पाण्डेय, ग्रंथालय सचिव हेतु एकमात्र प्रत्याशी अनिल कुमार सिन्हा तथा सांस्कृतिक व क्रीडा सचिव हेतु एक मात्र प्रत्याशी रोहित तिवारी तथा महिला कार्यकारिणी सदस्य हेतु आरक्षित एकमात्र पद पर रोमा विश्वास ने नामांकन दाखिल किया था और उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य हेतु प्रमोद तिवारी, संजय अम्बष्ट, राजी कुमार सिन्हा, मिथिलेश पांडेय, नचीकेता जायसवाल एवं राजकुमार गुप्ता को निर्विरोध घोषित किया गया।

## पैर हुआ फ्रैक्चर, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार, बलरामपुर के शंकरगढ़ का मामला

# कक्षा में बात करने पर प्रधान पाठक ने बच्ची को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक प्रधान पाठक ने कक्षा दूसरी की छात्रा की डंडे से पिटाई कर दी। इस मारपीट में छात्रा का पैर फ्रैक्चर हो गया है। पैर फ्रैक्चर होने के बाद छात्रा को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इधर इस मामले की शिकायत के बाद डीईओ बलरामपुर ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारी जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहे है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत गाम जगिमा-पटना निवासी शिव कुमार यादव की पुत्री ललिता यादव कंजिया प्राथमिक शाला में कक्षा 2 री की छात्रा है। पांच दिनों पूर्व कक्षा में दूसरे बच्चों से बातचीत करने पर प्रधान पाठक हेरालुयुस टोप्पो नाराज हो गये और आक्रोशित होकर उन्होंने बच्ची ललिता के पैर डंडे से मारा। मारपीट से छात्रा के पैर में तेज दर्द होने के साथ ही रात होते होते सूजन हो गया और वह चल फिर नहीं पा रही थी। बताया जा रहा है कि घटना के बाद बच्ची की तबियत बिगड़ गई जिसके बाद बच्ची के पिता ने मामले की जानकारी सरपंच व एनी ग्रामीणों को दी। गांव में घटना को लेकर पंचायत बुलाई गई जिसमें प्रधान पाठक को भी बैठक में बुलाया गया था। जहां यह तय किया गया कि प्रधान पाठक बच्ची के उपचार का खर्च वहन करेंगे। इस निर्णय पर प्रधान पाठक ने भी हामी भरी थी।



### शिक्षक ने नहीं दिया खर्च

बच्ची को उपचार के पीएचसी शंकरगढ़ में भर्ती कराया गया था जहां से बच्ची को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया था। परिजन द्वारा बच्ची को संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां एक्स रे जांच में उसके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। बच्ची का उपचार विगत तीन चार दिनों से जारी है। इधर बच्ची के पिता शिव कुमार यादव का कहना है कि अब तक उपचार में 10 हजार रुपए से अधिक खर्च हो चुके है। प्रधान पाठक ने खर्च वहन करने का वादा किया था इसलिए उन्होंने कहीं शिकायत दर्ज नहीं कराई।

### चल रही है जांच

घटना की जानकारी मिली है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है और जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।
-डीएन मिश्रा, डीईओ सूरजपुर

# नर्सरी के समीप मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत केवटाली से सत्यनगर मार्ग स्थित नर्सरी के समीप अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने सुबह 8 बजे नर्सरी के बगल में शव को देख घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल से कुछ दूर मुख्य मार्ग पर मृतक का सायकल वहीं मृतक के हाथ में चोट के निशान पाए गए है।

भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौस ने बताया कि नर्सरी के समीप अधेड का शव मिलने की सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक का शिनाख्त कराने पर पता चला कि मृतक रमेश देवांगन (50 वर्ष) सोमवार को जूना करकोली से अपने ससुराल सत्यनगर आया था( उसकी पत्नी राखी में अपने मायके आई हुई थी संभावना है वह उसको लेने आया था। शाम को अपने घर जूना करकोली जाने के लिए साइकिल से निकला था जिसका सुबह रास्ते में केवटाली नर्सरी के समीप शव मिला। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। पीएम के लिए भटगांव भेजा गया है। प्रथम दृष्टि में मामला अत्यधिक शराब पीने, गिरने या हत्या इन सभी पहलू पर जांच की जा रही है। मृतक के सिर और हाथ में चोट के निशान पाए गए है।

पीएम रिपोर्ट या शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# ठेकेदारों को बिना कार्य कराए फर्जी भुगतान करने के मामले में सतर्कता विभाग की जांच प्रक्रिया तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बातें**

- एक ही कार्य के दो बार भुगतान होने से कम्पनी को हुई भारी आर्थिक क्षति
- जांच के दायरे में आये अधिकारियों को कम्पनी मुख्यालय तलब कर दर्ज किये जा रहे बयान

एसईसीएल बिश्रामपुर के सिविल विभाग के तथाकथित इंजीनियर इंचार्ज और ओवरसियर की मिलीभगत से ठेकेदारों को नियम विरुद्ध जाकर फर्जी भुगतान करने मामले की 8 माह पूर्व विजलेंस को की गई शिकायत के बाद जांच में तेजी आई है, मामले में सिविल विभाग के दो इंजीनियर समेत पांच ओवरसियर को कम्पनी मुख्यालय बिलासपुर तलब कर आरोपित अधिकारीयों के बयान दर्ज किए जाने की जानकारी है।बताया गया कि जनवरी 2025 में बिश्रामपुर सिविल विभाग द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों में तगड़ी कमीशन लेने और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की मंशा से इंजीनियर और अलग अलग कार्य को देख रहे साइड इंचार्ज ओवर सियर ने कंपनी के नियमों के विपरीत जाकर निर्धारित कार्य कराए बगैर ठेकेदार को सम्पूर्ण राशि का भुगतान कर दिया जिससे कम्पनी को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।

## बिना कार्य कराए ही ठेकेदारों को किया जाता रहा पूर्ण भुगतान

बताया गया कि अमेरा खदान पहुंच मार्ग में गड्ढों में गिट्टी भराई के काम को बिना काम किए ठेकेदार को बिल का सम्पूर्ण भुगतान कर दिया गया,मामले उजागर होने व समाचार प्रकाशन होने से मामला बिगड़ता देख सिविल विभाग ने तीन माह के भीतर दुबारा इसी कार्य को कराने निविदा बुला ली और पुनः इसी काम को दिखाकर ठेकेदार को फर्जी तरीके से भुगतान कर दिया।मात्र तीन माह के अंतराल में एक ही काम का दो बार टेंडर कराने और बिल भुगतान करने मामला की विजलेंस जांच चल रही है।इसी प्रकार बिश्रामपुर क्षेत्र में वर्तमान में एएमसी कार्य में निर्धारित लेबर सप्लाई संख्या में भारी गोलमाल किया गया है,सिविल अधिकारियों से मिलीभगत कर रोजाना 28 मजदूरों की जगह मात्र 6-7 मजदूरों को पिछले दो वर्ष तक भेजकर 28 मजदूरों का बिल बनवाकर भुगतान प्राप्त कर लिया गया है।इसके अलावा एकता स्टेडियम में क्रिकेट पिच बनाए बगैर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया, साथ ही एसटीपी मरम्मत के कार्य में गड़बड़ी समेत फिल्टर प्लांट के कार्य में गड़बड़ी की लिखित शिकायत पर भी विजलेंस टीम जांच में जुटी है। जांच में संबंधित अधिकारियों की टीम दो इंजीनियर समेत पांच ओवरसियर को कंपनी मुख्यालय बुलाकर अलग अलग पूछताछ कर रही है।बताया गया कि वर्तमान में कुछ इंजीनियर और ओवर सियर जो दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरण के बाद चले गए हैं, उन्हें भी नोटिस भेजकर विजलेंस ने जांच के लिए मुख्यालय बुलाया है,मंगलवार को जांच के दायरे में आये अधिकारियों ने मुख्यालय स्थित सतर्कता विभाग में अपने बयान दर्ज कराए हैं।

## कोयला मंत्रालय समेत सेन्ट्रल विजलेन्स से शिकायत होने पश्चात जांच प्रकिया हुई तेज

बताया गया कि बिश्रामपुर सिविल विभाग में कई करोड़ रुपये के चल रहे एएमसी कार्य सहित कुल आधा दर्जन कार्यों की शिकायत करीब 8 माह पूर्व जनवरी में सतर्कता विभाग बिलासपुर को ठेकेदार ने लिखित में की थी,लेकिन जांच के नाम पर फाइल दब कर लंबित रह गई थी।पिछले दिनों ठेकेदार ने बिश्रामपुर क्षेत्र में हुई गड़बड़ी सिविल विभाग के अधिकारियों की भ्रष्ट कार्यशैली की शिकायत पीएमओ सहित कोयला मंत्रालय,सेंट्रल विजलेंस को लिखित में करने के बाद अब जांच में तेजी आई है, सतर्कता विभाग की जांच प्रक्रिया तेज होने से सिविल महकमे में हड़कंप मचा हुआ है ।

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ.चेतन चतुर्वेदी
MD General Medicine DNB INTERVENTIONAL CARDIOLOGY EX. Okhla New Delhi
Ex. LLRM Medical College Meerute
Ex. AIIMS Raipur
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक -10 अगस्त 2025 दिन - रविवार
डॉ. रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bngalore)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 9, 10 अगस्त 2025, शनिवार, रविवार
समय - सुबह 10 - 3 बजे तक, शाम 5 - 8 बजे तक

## यात्री बस को ट्रक ने मारी टक्कर, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** यात्रियों से भरी बस को तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में यात्री व परिचालक को चोट आई है। इस मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बाबा ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 15 एबी 1376 का चालक झारखंड का भौरी निवासी उपेन्द्र सिंह व परिचालक रामानुजगंज जेल रोड निवासी सुनील जायसवाल यात्री बस को लेकर अंबिकापुर से गढ़वा के लिए लिए निकले थे। इस दौरान सुबह 9.30 बजे पस्ता थाना अतंर्गत ग्राम पाढ़ी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक जेएच 10 बीजी 8555 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस घटना में बस के साइड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जबकि बस में सवार यात्री बिट्टू कुमार व परिचालक सुनील जायसवाल को चोट आई है। घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। अब परिचालक की शिकायत पर पस्ता पुलिस ने ट्रक चालक जितेन्द्र कुमार गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 125(ए), 281 व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. .......

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राम आ. स्व. रामनाथ जाति गोड़ निवासी ग्राम पंचायत सोनगरा, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.), के द्वारा अपने माता स्व. सोमारी बाई पति स्व. रामनाथ का मृत्यु दिनांक 21/01/2010 को मृत्यु ग्राम पंचायत सोनगरा, में घर पर होने का लेख कर मृत्यु प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक 03/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

अतः दिनांक 18/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
जरही, तहसील-प्रतापपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधिकारी, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

**-: ईश्तहार :-**

एतद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम करतमा को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल कुमार सिंह आ. विजय बहादुर सिंह, जाति क्षत्रिय, निवासी ग्राम गोधनपुर (श्रीरामगली) अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा उनके स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम करतमा, प.ह.नं. 23. रा.नि.मं. पिलखा, तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 212 रकबा 0.66 हे. कृषि भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 28/8/25 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14.8.25 को न्यायालयीन पदमुदा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विशेष कर्त्तव्याधिकारी**
भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 अगस्त 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक 24 अगस्त 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## कार रूकवाने से नाराज आधा दर्जन युवकों ने बाइक सवार युवकों पर किया प्राणघातक हमला

**बिश्रामपुर।** मामूली बात से हुए विवाद पश्चात दो युवकों पर प्राण घातक हमला किए जाने के मामले में जयनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।गौरतलब है कि गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अजीरमा निवासी प्रार्थी आदिल खान गत दिनों 11 अगस्त की रात करीब साढ़े नौ बजे अपने साथी के साथ बाइक में कालीघाट संजयनगर की तरफ आ रहा था,तभी एक कार सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को कट मार दिया,जिस पर प्रार्थी ने कार चालक को रुकवाया,इसी बात से नाराज संजयनगर स्थित एक ढाबा के संचालक विष्णु समद्दार,आयुष समद्दार, विश्वनाथ विश्वास,मृत्युंजय विश्वास व एक अन्य ने प्रार्थी युवक व उसके साथी पर ईंट,रॉड,हथौड़ी से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।प्रार्थी द्वारा मामले की शिकायत गांधीनगर थाना में दर्ज कराई गई,जिस पर पुलिस ने मामले को जयनगर थाना में अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम- प.ह.न.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रकाश पाण्डेय पिता स्व. श्री रामलखन पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम जूर प.ह.न....... रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री संजीवनी पाण्डेय का जन्म दिनांक 14.06.2009 को ग्राम जूर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्री संजीवनी पाण्डेय का जन्म/मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत जूर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 02/09/25 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर रो जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
भैयाथान
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. .......

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राम आ. स्व. रामनाथ जाति गोड़ निवासी ग्राम पंचायत सोनगरा, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.), के द्वारा अपने पिता स्व. रामनाथ आ. स्व. बहोरन का मृत्यु दिनांक 14/05/2011 को मृत्यु ग्राम पंचायत सोनगरा, में घर पर होने का लेख कर मृत्यु प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक 03/09/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता हैं, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

अतः दिनांक 18/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
जरही, तहसील-प्रतापपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विषेशज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विषेशज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विषेशज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 6718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध
















































## खबर संक्षेप

### महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कराया गर्भपात, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पति की गैरमौजूदगी में पड़ोसी युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और महिला के गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात भी कराया। अब इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गणेशमोड़ चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम क्षेत्र में रहने वाली महिला का पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर जाता था और 3-4 महीने में वापस लौटता था इस दौरान मौके का फायदा उठाकर पडोस में रहने वाले युवक 27 वर्षीय जीवन कुजूर आ. अमोद कुजूर ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान महिला गर्भवती भी हो गई। महिला के गर्भवती होने पर आरोपी युवक ने गर्भपात करा दिया जिससे महिला की तबियत खराब हो गई। जब पति वापस लौटा तो महिला ने घटना की जानकारी दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जीवन कुजूर को बीएनएस की धारा 69, 89 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## निधन

### रवींद्रनाथ सिंह



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सेवानिवृत कॉलरी कर्मी रवींद्रनाथ सिंह का 91 वर्ष की आयु में मंगलवार की प्रातः निधन हो गया।स्व.रवींद्रनाथ सिंह रिटायर्ड सीएमडी एमसीएल ओपी सिंह एवं वर्तमान ओसीएम मैनेजर बिश्रामपुर वीपी सिंह के पिता थे,जिनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### सुभाष गोयल



**बिश्रामपुर।** शिवनंदनपुर बिश्रामपुर मुख्य बाजार निवासी सुभाष गोयल 67 वर्ष का सोमवार की रात निधन हो गया, वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे,इनका इलाज हैदराबाद के एक निजी अस्पताल से चल रहा था,सोमवार की रात घर पर ही उन्होंने अंतिम सांस ली,स्व. सुभाष गोयल का अंतिम संस्कार आज मंगलवार को कुरवाँ स्थित मुक्तिधाम में किया गया,वे स्वागत इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक बजरंग गोयल,विकास गोयल के पिता एवं कांग्रेस नेता पवन गोयल पोन्नी एवं रामावतार गोयल रामू के ज्येष्ठ भ्राता थे।

### रात के समय आए दिन होती है दुर्घटना, कई लोगों की जा चुकी है जान

# एनएच 43 किनारे लगे अधिकांश स्ट्रीट लाइट महीनों से बंद, राहगीर परेशान



एनएच पर पड़ा घायल।



रात में बंद स्ट्रीट लाइट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

एनएच 43 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले एक माह के भीतर ही मार्ग पर कई दुर्घटना हो चुकी है जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

**खास बात**

- सड़क किनारे सांकेतिक बोर्ड से टकराया बाइक सवार, मौत

सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण मार्ग के अंधेरा होने तथा अधिकांश बाइक सवार के शराब के नशे में धुत होकर बाइक चलाना है। हालांकि पुलिस द्वारा लोगों को नशे की हालत में वाहन नहीं चलने की हिदायत व समझाइश देते है परंतु बाइक सवार नशे की हालत में बाइक चलाने से बाज नहीं आते। बीती शाम भी एनएच 43 मंगारी के समीप सड़क किनारे लगे सांकेतिक बोर्ड से बाइक सवार टकरा गया जिससे अस्पताल ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। इससे पूर्व सड़क पर अंधेरा होने से बाइक सवार के सड़क किनारे खड़े ट्रक के पीछे टकराने की घटना हो चुकी है।

एनएच 43 सड़क पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे लेकर सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि विद्युत पोल व लाइट लगाए कई माह हो चुके है बावजूद इसके आज तक स्ट्रीट लाइट नहीं जली। एनएच 43 पर हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती है परंतु सड़क किनारे लगाए गए लाइट शुरू नहीं होने से शाम ढ़लते ही रघुनाथपुर से लेकर कुनकुरी तक अंधेरा में डूब जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हालही में मंगारी निवासी रविन्द्र आ. प्रेमसाय (20 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 0774 से अपने घर जा रहा था। इसी बीच एनएच 43 सड़क किनारे खड़ी ट्रक के पीछे जा टकराया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस जगह घटना हुई वहां अंधेरा था। बताया जा रहा है कि युवक शराब के नशे में था और अंधेरा होने के कारण सड़क किनारे खड़े ट्रक को नहीं देख और सीधे वाहन के पीछे टकरा गया था। गत दिन भी चिपरकाया निवासी सुखनंदन खाखा आ. जगमोहन खाखा (22 वर्ष)एनएच 43 बतौली से सीतापुर की ओर बाइक से जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 मंगारी बनिया टिकरा के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे बने सांकेतिक बोर्ड से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी युवक सड़क पर मुंह के बल गिरा जिसे सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीतापुर अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। एनएच पर यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी कई दुर्घटना हो चुकी है और कई लोगों की जान जा चुकी है।

### एक माह के भीतर ही आधा दर्जन लोगों की मौत

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। लुचकी घाट से लेकर कुनकुरी के बीच अब तक कई सड़क हादसा हो चुके है जिसमें कई लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी है। पिछले एक माह के भीतर ही लुचकी घाट से लेकर बतौली के बीच ही आधा दर्जन से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हालही में एनएच 43 मंगारी में मां और बेटी, रघुनाथपुर में बाइक सवार और कुछ दिन पहले लुचकी घाट के समीप दो दिन के भीतर दो दुर्घटना होने से दो लोगों की मौत हुई थी।

### लोगों ने की स्ट्रीट लाइट शुरू करने की मांग

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर राहगीरों सहित आम लोगों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से रघुनाथपुर से लेकर कुनकुरी तक सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। विद्युत पोल व लाइट लगाए कई माह हो चुके है परंतु आज तक लाइट से एनएच रौशन नहीं हो सकी। ऐसे में शाम ढलते ही एनएच अंधेरा में डूब जाता है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने एनएच किनारे लगे स्ट्रीट लाइट को चालू करने की मांग की है जिससे सड़क हादसे कम हो सके।

### दुर्घटनाओं को रोकने की जाएगी पहल

थाना स्टाफ को जगह-जगह चेकिंग पॉइंट लगाकर शराबी चालकों की जांच करने निर्देशित किया गया, एनएच 43 पर पुलिस स्टाफ द्वारा समय समय पर जांच की जाती है। साथ ही जिस जगह ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती है उस जगह का चिन्हाकन कर सड़क दुर्घटना को रोकने की पहल की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# चेरवा समाज ने स्थापना दिवस पर किया प्रदेश स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



चेरवा समाज द्वारा सोमवार को स्थापना दिवस के अवसर पर मंडी प्रांगड़ में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चेरवा समाज सेवा संघ समिति के प्रांत अध्यक्ष देवनारायण चेरवा, प्रदेश सचिव लालसाय नागवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रकृति का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके साथ ही महापुरुषों तथा समाज के संस्थापक स्व. नंदकुमार सौंपकर के छाया चित्र में पुष्प अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में समाज प्रमुखों ने अपने अपने सुझाव और मार्गदर्शन देते हुए कहा नशा मुक्ति, साक्षरता व आर्थिक उन्नति पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही संवैधानिक जागरूकता, शिक्षा, समाज की पहचान के लिए समाज की झंडे का विमोचन भी किया गया। समाज की वरिष्ठ जनों ने बताया कि चेरवा समाज का सन 18 अगस्त 1987 को पंजीकृत किया गया था और समाज के लोगों कोई एक्टिविटी नहीं होने से समाज काफी पीछे चला गया था। अब समाज को वरिष्ठ जनों को मार्गदर्शन में आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा जिससे समाज के गरीब तपके के लोग आगे बढ़ सकेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न जिले से आये बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर में सरगुजा जिलाध्यक्ष महेंद्र सरजाल ,एमसीबी जिलाध्यक्ष सुभाष सुनपाकर, कोरिया जिलाध्यक्ष विमल चंद कराडिया, सूरजपुर शिवचरण बघेल, कोरबा अंतराम तेलाखी, रायगढ़ महीपतलाल बरुआ, राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण राम मेघनाथ चेरवा, लखन लाल चेरवा सहित हजारों की संख्या में महिला पुरूष पहुंचे थे।

# लिव इन में रहते हुए युवक ने किया विवाह, परिजन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन




**अम्बिकापुर।** युवक के किसी दूसरे लड़की से लिव इन में रहते हुए विवाह करने पर विवाहिता के परिजन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा तथा युवक के विरूद्ध धोखाधड़ी व साजिश रचने पर अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में मायापुर चांदनी चौक समीप निवासी श्रीमती पुष्पा केशरी पति संतोष गुप्ता ने बताया है कि बेटी शालिनी गुप्ता का विवाह राजपुर निवासी राहुल केसरी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से शहर के एक शादी घर में 11 जून 2023 को हुआ। शादी के दो दिन बाद ही राहुल सहित परिवार के लोग दहेज की मांग करने के साथ प्रताड़ित करने लगे। जबकि शादी में मांग के पर अपनी क्षमता के अनुसार चार पहिया वाहन खरीदने तथा दहेज की पांच लाख रूपए 8 जून को पिता संतोष कुमार ने राहुल केशरी तथा उनके पिता दीपक कुमार केसरी को दी। शादी के दो दिन बाद ही पति राहुल ने मायापुर स्थित माता पिता के घर को अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाने लगा। परिजन का आरोप है पति सहित सास, ससुर द्वारा कम दहेज देने और मायापुर स्थित मकान को राहुल के नाम नहीं करने तथा नगद 20 लाख रूपए दहेज के रूप में नहीं देने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिससे परेशान होकर शालिनी वापस घर आ गई और घटना की रिपोर्ट महिला थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने पति सहित सास, ससुर के विरूद्ध धारा 498 ए, 506 के तहत अपराध दर्ज किया जो न्यायालय में लंबित है। परिजन का आरोप है कि शादी के दो साल बाद पता चला कि राहुल केशरी किसी अन्य लड़की के साथ शादी से पूर्व लिव इन रिलेशनशिप में रहता है। परिजन ने पुलिस अधीक्षक से धोखा देकर शादी करने पर उसके विरूद्ध धोखाधड़ी और साजिश रचने की जांच कर अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### निर्वाचन आयोग ने जिले की भारतीय स्वतंत्र पार्टी नौंगई को जारी किया नोटिस

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत अनुभाग वाड्रफनगर के नौंगई ग्राम में स्थित भारतीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष-महासचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26ए के तहत भेजा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव जेम्स कुजूर ने बताया कि यह धारा राजनैतिक दलों के पंजीकरण और चुनावों की भागीदारी से जुड़ी है तथा भारतीय स्वतंत्र पार्टी द्वारा किये गये आवेदन के आधार पर उक्त धारा के तहत एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अभिलेख अनुसार उक्त राजनीतिक दल के किसी भी सदस्य द्वारा विगत 6 वर्षों में लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव, उप चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है एवं आयोग का मानना है कि भारतीय स्वतंत्र पार्टी उपरोक्त धारा 29ए के प्रयोजनों के लिए एक राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य करना बंद कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्वतंत्र पार्टी को पंजीकृत दलों की सूची से हटाने का प्रस्ताव रखा है। इस कार्यवाही से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उक्त पार्टी को एक अभ्यावेदन, कारण बताने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत उक्त पार्टी 23 अगस्त तक आयोग के समक्ष लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है तथा इसकी सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की गई है। इस दिन पार्टी के अध्यक्ष-महासचिव, पार्टी प्रमुख को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित तिथि तक राजनीतिक दल से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह माना जाएगा कि दल के पास इस मामले में कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं करना है।

### बीईओ के नियम विरुद्ध आदेश पर भड़के जनप्रतिनिधि, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी की विवादित कार्यशैली को लेकर आज ब्लॉक मुख्यालय में क्षेत्र के जनप्रतिधिनियो ने विरोध प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर बीईओ को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 16 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीईओ ने विधायक प्रतापपुर की अनुशंसा पर भाजपा कार्यकर्ताओं को शासकीय स्कूलों में ध्वजारोहण करने का आदेश जारी किया था। यह आदेश पूर्णतः नियम विरुद्ध और जनप्रतिनिधियों व संस्था प्रमुखों के सम्मान के प्रतिकूल था। इस मामले में 16 अगस्त को ही कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी प्रतापपुर को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर आज एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। धरना-प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य सुरेश आयाम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजू श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, मासूम इराकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उनका कहना था कि बीईओ की मनमानी से न केवल शिक्षा व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं का भी अपमान हो रहा है।

### नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत लोगों को दी गई जानकारी



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बगाड़ी के स्कूल ग्राउंड में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों सभी को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट तथा अन्य मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी सहित अनेक गंभीर रोग से ग्रसित हो सकते हैं और नशा शरीर को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है और व्यक्ति का जीवन संकट में डाल देता है। जागरूकता कार्यक्रम में संकल्प भी लिया गया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करेंगे। इस अवसर में जिला पंचायत सभापति रवि प्रताप मराबी, जनपद सदस्य बसंती कौशिक, सरपंच हीरामणि देवी, मुकेश सांडिल्य, सचिव देवीदयाल मराबी, सुरेश यादव, रमेश यादव, मोनू आदि ग्रामीण थे।

### रैन बसेरा से चोरों ने यात्रियों के नकदी व मोबाइल किया पार

**अम्बिकापुर।** रायगढ़ अंतर्गत ग्राम कोलमी निवासी गिरधारी साहू आ. कन्हैया लाल साहू (28 वर्ष) रविवार को रिश्तेदार उमाशंकर साहू, शिव कुमार साहू व राम किशन साहू के साथ इलाहाबाद से घर लौट रहे थे। रात होने पर सभी प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में सो रहे थे। इसी बीच चोरों ने सभी के मोबाइल के अलावा उनके पास रखे नगद तीन हजार रुपए चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### रास्ते में महतारी 102 में हुआ प्रसव, जटासेमर का मामला

# गांव में नहीं बन पाई सड़क, प्रसूता को झेलगी में लेकर दो किमी चले परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच विहीनता का दंश समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। आज भी जिले में ऐसे अनेकों गांव है जहां आवागमन के साधन उपलब्ध नहीं है। गांव तक पक्की सड़क नहीं होना आए दिन लोगों की परेशानी का सबब बनता है और ऐसी ही एक तस्वीर एक बार फिर से लुंड्रा विकासखंड से सामने आई है जहां प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला को झेलगी में लेकर पैदल चलना पड़ा। गांव से दो किमी की दूरी तय कर परिजन एंबुलेंस तक पहुंचे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इसके पहले महतारी एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव हो गया। फिलहाल जच्चा बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है।

**खास बात**
- वायरल हुआ वीडियो

बताया जा रहा है कि लुंड्रा विकासखंड के ग्राम रवई जटासेमर निवासी 32 वर्षीय प्रियंका बरगाह पति सुखलाल बरगाह 9 माह की गर्भवती थी। महिला को 17 अगस्त को अचानक ही प्रसव पीड़ा शुरू हो जिसके बाद गांव की मितानिन ने एंबुलेंस को फोन किया। सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस गांव के लिए रवाना हुई लेकिन गांव से 2 किमी पहले नाले पर पुल नहीं होने और कच्ची सड़क के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई। ऐसे में परिजन दर्द से तड़पती प्रसूता को झेलगी में लेकर अस्पताल ले लिए रवाना हुए। परिजन व मितानिन महिला को झेलगी में लेकर कच्चे रास्ते पर चलते हुए घंटों सफर करने के बाद किसी तरह महतारी 102 एंबुलेंस तक पहुंचे। हैरानी की बात तो यह है कि वर्षों बाद भी क्षेत्र में सड़कों के विकास का कार्य नहीं हो पाया है जिसका खामियाजा आए दिन क्षेत्र की जनता को भुगतना पड़ता है।



प्रसूता को झेलगी से ले जाते परिजन।

**एंबुलेंस में हुआ प्रसव**

झेलगी से प्रसूता को ढोकर किसी तरह महतारी एंबुलेंस 102 तक पहुंचे जिसके बाद महिला को धौरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में अस्पताल से लगभग 2 किमी पहले महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ गई और एंबुलेंस में ही ईएमटी और पायलेट की मदद से महिला का प्रसव कराया गया। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला और नवजात बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

**जच्चा बच्चा स्वस्थ, किया गया डिस्चार्ज**

बताया जा रहा है कि प्रसूता महिला प्रियंका बरगाह ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का वजन सवा तीन केजी था और जच्चा-बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ है। यह महिला का चौथा बच्चा था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रसूता के स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी और कई पर मितानिन ने भी उसके घर जाकर जांच की थी। 19 अगस्त को प्रसूता और नवजात को डिस्चार्ज कर दिया गया है और उन्हें एंबुलेंस की मदद से उनके गांव भेज दिया गया है।

**एम्बुलेंस में हुआ था प्रसव**

अस्पताल लाते समय महतारी एंबुलेंस में महिला का प्रसव हुआ था। प्रसूता और नवजात पूर्ण रूप से स्वस्थ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जाती है। मंगलवार को दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया और एंबुलेंस से ही घर के लिए रवाना किया गया है।

-डॉ. राघवेंद्र चौबे
बीएमओ



## सर्व ब्राह्मण समाज के चुनाव हेतु निर्वाचन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्व ब्राह्मण समाज के जिला पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव के लिए सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 17 अगस्त को केनाबांध स्थित भगवान परशुराम स्थल में बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय ने की। बैठक में निर्वाचन समिति, निर्वाचन पर्यवेक्षक समिति का गठन किया गया। सरगुजा सर्व ब्राह्मण समाज सचिव विकास पाण्डेय बताया कि निर्वाचन समिति का संयोजक श्रीनिवासन आयंगर को बनाया गया है जबकि सदस्य के रूप में बच्चू तिवारी, सतीश तिवारी, सतीश तिवारी एलआईसी, प्रकाशमणि त्रिपाठी, विनोद तिवारी, सुनील तिवारी, श्रीमती ज्योति द्विवेदी को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पर्यवेक्षक समिति में संयोजक आरएन अवस्थी, सदस्य सत्येंद्र तिवारी, आलोक दुबे, शिरीष मिश्रा, सुजीत चतुर्वेदी, चंद्रसेन तिवारी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्व ब्राह्मण समाज में अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के पद हेतु चुनाव होगा। निर्वाचन के लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है जबकि मतदान 12 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे से होगा। इस दौरान बैठक में श्रीमती इति चतुर्वेदी, आनंद अवस्थी, अनिल दुबे, सतीश दुबे, मनोज तिवारी, पं. महेंद्र उपाध्याय, सुरेन्द्र चौबे, संजीव पांडेय, ऋषि पांडेय, अजीत तिवारी, विश्वजीत भारद्वाज आदि मौजूद थे।



## राजमोहिनी वार्ड में निकली शानदार तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारत माता की जय के उद्घोष के साथ संत हरकेवल दास महाराज के सानिध्य में माता राजमोहिनी देवी वार्ड में मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत शानदार तिरंगा यात्रा निकाली गई। वार्ड पार्षद मनोज गुप्ता के नेतृत्व में तथा संतोष दास, रूपेश दुबे, पूर्व पार्षद रविन्द्र गुप्त भारती, संत हरकेवल बीएड कॉलेज प्राचार्य अंजन सिंह सहित विद्यार्थियों व वार्ड के लोगों की उपस्थिति में श्याम मंदिर दत्ता कॉलोनी से निकली तिरंगा यात्रा सूर्य मंदिर तालाब होते हुए नमना पावर हाउस रोड, शनि मंदिर व बनारस चौक से गुजरकर दत्ता कॉलोनी स्थित हरकेवल विद्या मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर माता राजमोहिनी देवी वार्ड के पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लंबे संघर्षों और बलिदानों के बाद हमें यह आजादी मिली है। आज हम सभी देशवासी उन्हें नमन करते हुए अपने भारत को समृद्ध, शक्तिशाली और श्रेष्ठ भारत बनाने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर प्रमोद दुबे, प्रभु नारायण, कृष्णा ठाकुर, अंकित गुप्ता, नीलेश यादव सहित बड़ी संख्या में संत हरकेवल विद्यालय तथा संत हरकेवल बीएड कॉलेज की छात्र छात्राओं व शिक्षकों सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण हेतु दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शासन के मंशानुरूप मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सूरजपुर जिला निरंतर गुणवत्ता सुधार हेतु प्रयासरत है,इसे भौतिकता की धरातल पर लाने के लिए 19 अगस्त को जिला स्तर पर जिले के 241 से संकुलों के प्राचार्यों को क्रमशः दो पालियों में एक दिवसीय प्रशिक्षण राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा द्वारा किया गया,जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी संकुल प्राचार्य को संकुल अंतर्गत संचालित समस्त शालाओं के प्रमुखों को नोडल नियुक्त करते हुए 20 अगस्त को संकुल स्तर पर होने वाले सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया,उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संबंध में जोड़ दिया,प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में संभागीय आयुक्त संजय कुमार गुप्ता व सहायक संचालक अजय मिश्रा तथा जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर के प्राचार्य केसी गुप्ता द्वारा संचालित प्रशिक्षण का आकस्मिक अवलोकन किया गया,संभागीय आयुक्त संजय गुप्ता द्वारा सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण सामाजिक अंकेक्षण कार्य संपन्न किए जाने हेतु आग्रह किया गया,विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी स्तरों में प्रदान किए जाने के लिए विभिन्न संसाधनों तथा सहायक सामग्रियों के उपयोग पर जोर दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक आधारभूत कार्य योजना बनाकर शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार करने के संबंध में प्रकाश डाला गया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में संतोष उपाध्याय, सत्यम बालाजी, मोहम्मद आजाद अंसारी, धर्मानंद गोजे, दिनेश कुमार साहू और आशीष पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया,प्रशिक्षण को संपन्न बनाने में प्रशिक्षण के जिला नोडल शोभनाथ चौबे,संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय, नेल्सन बेक, पंकज सिंह एवं संतोष बाड़ा का सक्रिय योगदान रहा।

### शहर के युवा सिबतैन ने नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जीता सिल्वर मेडल

**अम्बिकापुर।** गोवा में आयोजित 19 वीं नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में शहर के युवा सिबतैन अली ने सिल्वर मेडल जीत कर शहर नाम रौशन किया है। शहर के ऑक्सीजन पार्क महामाया पारा निवासी सिबतैन अली आ.अली अहमद अंसारी ने गोवा में आयोजित 19 वीं नेशनल यूथ गेम बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भाग लिया जिसमें सिल्वर मेडल हासिल कर शहर और जिला का नाम रौशन किया है। सिबतैन के सिल्वर मेडल जीतने पर शहर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।



### थाना के सामने मोबाइल दुकान में चोरों का धावा, पार किया नकदी समेत मोबाइल

**दरिमा।** शहर में जहां चोर सक्रिय है वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी चोर सक्रिय हो गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए है अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। बीती रात चोरों ने थाना के ठीक सामने स्थित मोबाइल दुकान में धावा बोलकर नकदी समेत मोबाइल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। दरिमा थाना के ठीक सामने चंदन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर दुकान खोला गया है। मेंन रोड में जहां पर बीती रात चोरों ने एक बस के सहारे छत के ऊपर चढ़ गए और सेट को काटकर दुकान के अंदर दाखिल हो कर 10 नए मोबाइल के अलावा नकदी 3 हजार रूपए चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी तब लगी दुकान मालिक दुकान खोला तो पता चला की दुकान में चोरी हो गया है। दुकान संचालक के मुताबिक इससे भी पहले दो बार पहले चंदन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में चोरी हो चुका है जिसका दरिमा थाना में रिपोर्ट किया गया था लेकिन आज तक पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल रही। एक सप्ताह पहले करजी चौक में एक ही रात में दो किराना दुकान में शटर का ताला तोड़ कर चोर चोरी कर काफी समान व नगदी ले गए थे, जिसकी पुलिस अभी तक कोई सुराग नही लगा पाई है।

## प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रामानुजगंज।** प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के जिला इकाई द्वारा मोदी गारंटी के तहत विधानसभा चुनाव के पूर्व किए गए वादा को पूरा करने के लिए 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। आज बड़ी संख्या में मितानिन जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मितानिन की संख्या को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया था।




प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के जिला पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी गारंटी के तहत हम लोगों से वादा किया गया था कि चुनाव जीतने के बाद मितानिन कार्यक्रम में शामिल मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, विकासखंड समन्वयक हॉस्पिटल में सहयोग कर रहे हेल्पडेस्क सभी को एनजीओ से हटकर एनएचएम में शामिल किया जाएगा। जीतने के बाद जो भी राशि इन सभी कार्य करने वालों को मिलता है उसमें 50 प्रतिशत बढ़कर दिया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद मितानिन कार्यक्रम द्वारा कई बार आवेदन निवेदन कर शासन प्रशासन को वादा याद दिलाए। परंतु आज तक कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिला। ऐसे मितानिन कार्यक्रम में सम्मिलित सभी 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है परंतु शासन प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिला इकाई के पदाधिकारी ने बताया कि आज 3 हजार से अधिक मितानिन आज जिला मुख्यालय में एकत्रित हुई है और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मितानिन के हड़ताल पर चले जाने से जिले में संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## सूरजपुर के गांवों में लौटी सौर ऊर्जा की रोशनी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों में अब अंधकार नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा की नई रोशनी गांव-गांव जगमगा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से जिले के ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से राहत मिली है।

महुली ग्राम के स्कूलपारा, चौरा पारा और खास पारा में स्थापित 10-10 किलोवॉट क्षमता वाले सौर संयंत्रों की बैटरियां बदली गईं। इन संयंत्रों के शत-प्रतिशत कार्यशील होने से अब 150 से अधिक परिवारों के घरों में पूरी रात बिजली उपलब्ध है। बच्चों को पढ़ाई के लिए उजाला मिल रहा है, महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही हैं और गांव की गतिविधियां रात तक सुचारू रूप से चल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी के लिए ऊर्जा नीति के तहत स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ग्रामीण अंचलों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से इसी दिशा में अब बांकी और खोड़ जैसे गांवों में भी सुधारात्मक कार्य प्रारंभ किया गया है। यहां 7 सौर संयंत्रों के लिए 372 नई बैटरियों की स्थापना की जा रही है जिससे सैकड़ों परिवार लाभान्वित होंगे। भटगांव विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग 60 लाख रुपये की लागत से इन्वर्टर और बैटरियां स्वीकृत हुई हैं।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से ग्रामीणों के घरों में उजाला

यह कार्य विशेष रूप से तमोर पिंगला अभ्यारण्य और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र जैसे दूरस्थ वनांचलों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। यहां के ग्रामीणों को पहली बार स्थायी और भरोसेमंद बिजली सुविधा मिलेगी।




By Train-रिजर्वेशन कोच

माता वैष्णव देवी यात्रा

माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल

यात्रा दिनांक
11 सितंबर 2025
05 नवंबर 2025
11 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)





कैलाश मानसरोवर यात्रा

8 मई से 20 मई 2026, (12 रात 13 दिन)

सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)

नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।

राशिः- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411